# ‘मां तुझे सलाम’ कार्यक्रम आयोजित



कोटा में कांग्रेसजनों के द्वारा आयोजित तिरंगा रैली को यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने संबोधित किया।

कोटा, (निसं)। आसमान में गूंजते जोशीले नारों और चारों ओर लहराते भारत की आन-बान-शान के प्रतीक तिरंगों के बीच रविवार को शिवकांत नन्दवाना की अगुवाई में तिरंगा रैली निकाली गई। हजारों नवयुवक दिल में देशभक्ति का जज्बा और हाथों में तिरंगा लिए विभिन्न मार्गों से गुजरे तो पूरा माहौल राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग गया। 76वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर शिवकांत नन्दवाना की अगुवाई में 'मां तुझे सलाम' कार्यक्रम के तहत तिरंगा रैली का आयोजन किया गया था। स्वायत्त शासन मंत्री शांति कुमार धारीवाल ने रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

रैली के दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता कांग्रेस कार्यालय पर एकत्रित होकर सब्जीमंडी, गुमानपुरा, नयापुरा सर्किल स्थित विवेकानंद चौराहा पर पहुंचे। इस दौरान हजारों की संख्या में आए कार्यकर्ताओं ने हाथों में तिरंगा थाम रखा था तो 'वन्देमातरम्' और "भारत माता की जय" के नारों से आसमान गूंज रहा था। सबसे आगे चल रहे रथ में भारतमाता की झांकी को सवार किया गया था, जो शेरों की सवारी करते हुए प्रतीत हो रही थी। महिलाएं मंगलगीत गाते हुए भारतमाता की आरती कर रही थीं। बीच-बीच में अखाडे प्रदर्शन कर रहे थे तो पिरामिड बनाकर तिरंगा लहराया जा रहा था। जगह जगह स्वागत द्वार और पुष्पवर्षा से स्वागत किया जा रहा था। पैदल मार्च में चल रहे रथों पर महापुरूषों की झांकियां सजाई गई थीं। मार्च के बीच बीच में ढोल और चार बैंडों पर युवकों की टोलियां थिरक रही थीं तो डीजे पर देशभक्ति फिल्मी गीतों से माहौल में देशभक्ति की बयार बह रही थी। हजारों की संख्या में वाहन भी मार्च में शामिल थे।

रैली के समापन पर आयोजित जनसभा को कांग्रेस के प्रमुख नेताओं की ओर से संबोधित किया गया। इस दौरान शांति कुमार धारीवाल ने कहा कि आजादी की लड़ाई में कांग्रेस का योगदान देश भुला नहीं सकता है। कांग्रेस के नेताओं के बलिदान के कारण आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। कुछ लोग आजादी के वीरों की इस शहादत को नकारने का प्रयास कर रहे हैं, जिसे कांग्रेस कार्यकर्ता को नाकाम करना होगा। पीसीसी सचिव शिवकांत नन्दवाना ने कहा कि आजादी की लड़ाई में चन्द्रशेखर आजाद के साथ अशफाकल्लाह खान का भी योगदान था। स्वतंत्रता दिवस सामाजिक एकता के साथ लड़ी गई उस लड़ाई का ही परिचायक है।

राष्ट्रीय एकता को नुकसान पहुंचाने वाले ताकतों से देश को बचाना होगा। हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों ने कड़ी मेहनत और संघर्ष के पश्चात ही भारत को पूर्ण स्वराज दिलाया। उन्होंने हमारे लिए बहुत कुछ किया ताकि हमें वो जुल्म सहना ना पड़े और हमारा देश भारत आगे बढ़ सके। आज भारत जितना भी उन्नत हुआ है हमारे सभी स्वतंत्रता सेनानियों के कारण ही हुआ है। उनके कारण ही हम आज स्वतंत्रता की 76वीं वर्षगांठ मना पा रहे हैं। कांग्रेस द्वारा आयोजित गौरव यात्रा का संयोजक भी शिवकांत नंदवाना को ही बनाया गया है। जिसके तहत तिरंगा रैली आयोजित की गई।

रैली में शहर अध्यक्ष रविंद्र त्यागी, समाजसेवी अमित धारीवाल, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के उपाध्यक्ष पंकज मेहता, पूर्व शहर अध्यक्ष पं. गोविंद शर्मा, राजेंद्र सांखला, जफर मोहम्मद, महापौर मंजू मेहरा, राजीव अग्रवाल, पूर्व पार्षद नरेंद्र खींची, रविंद्र सिंह हाड़ा, कृष्णा सिंगोर, यश गौतम, यश बजाज, आंकेंद्र चौधरी, हितेश सोनी, शेखर अग्रवाल, दीपक बंशीवाल, महेंद्र वर्मा, संदीप दासवानी, दीपक सेन, पंकज बजाज, देवेश तिवारी समेत हजारों देशभक्त नागरिक शामिल हुए।

# आजादी के अमृत महोत्सव पर व्याख्यान




मुख्यवक्ता डॉ. विवेक कुमार मिश्र स्वतंत्रता आंदोलन में कोटा का योगदान विषय पर बोले।

कोटा, (निसं)। राजकीय महाविद्यालय कोटा में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में व्याख्यान आयोजित किया गया।

प्राचार्य डॉ जयंत कुमार विजयवर्गीय की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ विवेक कुमार मिश्र, सह आचार्य- हिंदी, राजकीय कला महाविद्यालय, कोटा रहे। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को अपने अधिकारों के साथ कर्तव्य निर्वहन पर बल दिया। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ सुमन शर्मा ने बताया कि हम सभी देश में आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। महाविद्यालय में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर अपने व्याख्यान में डॉ विवेक कुमार मिश्र ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि स्वतंत्रता संग्राम में 1942 को जिन क्रांतिकारियों को बंदी बना लिया गया, उनको छुड़ाने के लिए सर्वप्रथम आंदोलन कोटा वासियों द्वारा ही किया गया। उन्होंने बताया कि देश 1857 से 1947 तक स्वतंत्रता हेतु किए गए आंदोलनों से आजाद हुआ। स्वतंत्रता आंदोलन में शहीद नौजवानों के बलिदान से ही आज हम आजादी का जश्न मना रहे हैं। आज का भारत आत्मनिर्भर भारत बन रहा हैं। हम सभी को स्वतंत्रता सेनानियों को आज याद करना चाहिए एवं उनसे देश से प्रेम एवं बलिदान की शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में आजादी के अमृत महोत्सव की प्रभारी डॉ मंजू शर्मा ने उपस्थित संकाय सदस्य एवं छात्र छात्राओं को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# रेजोनेंस के नेशनल टैलेंट रिवार्ड टेस्ट के लिये रजिस्ट्रेशन प्रारंभ, एक करोड़ के पुरस्कार

■ स्टार्ट 2022 के पोस्टर का विमोचन किया गया

कोटा, (निसं)। देश में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अग्रणी संस्थान रेजोनेंस ने स्टूडेंट टैलेंट रिवार्ड टेस्ट (स्टार्ट) कराने की घोषणा की है।

इस प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ रेजोनेंस के प्रांगण में 13 अगस्त को सम्पन्न हुए हर घर तिरंगा कार्यक्रम के दौरान पोस्टर विमोचन के माध्यम से हुआ जिसमें लोकसभा अध्यक्ष एवं कोटा-बूंदी क्षेत्र से सांसद ओम बिरला मुख्य अतिथि रहे और उन्होंने रेजोनेंस के प्रबंध निदेशक आरके वर्मा एवं संस्थान के विभागाध्यक्षों के साथ स्टार्ट 2022 के पोस्टर का विमोचन किया। आर. के. वर्मा ने बताया कि स्टार्ट पूरे देश में प्रतिभा की खोज एवं उन्हें पुरस्कृत करने के लिए कराई जाने वाला एक परीक्षा हैं। सबसे पहले यह परीक्षा 2012 में आयोजित की गई थी और 2022 में होने जा रहा यह इस परीक्षा का 10वां एडिशन होगा।

उन्होंने बताया कि ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों माध्यमों में होने वाली यह परीक्षा दो चरणों में आयोजित होगी जिसमें कक्षा 6 से लेकर 12 तक के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। कक्षा 11वीं एवं 12वीं में किसी भी संकाय के विद्यार्थी इसमें भाग ले सकते हैं।

उन्होंने कहा कि परीक्षा इंग्लिश एवं हिंदी दोनों माध्यमों में होगी। परीक्षा के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन संस्थान की वेबसाइट पर प्रारंभ हो चुके हैं।

## आईएमए ने 75 पौधे लगाए

कोटा, (निसं)। आईएमए कोटा द्वारा आरएसी ग्राउंड कोटा में पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 75वीं आजादी की वर्षगांठ पर 75 पौधे लगाए गए।

आईएमए के कोटा अध्यक्ष डॉ. आरपी मीणा ने बताया कि रविवार को 75वें आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। जिसमें पौधे लगाए जाने के साथ उनकी देखरेख का जिम्मा भी दिया गया और उन्हें वृक्ष बनने तक उनकी देखभाल की जाएगी।

## रविन्द्र त्यागी झंडारोहण करेंगे

कोटा, (निसं)। स्वतंत्र दिवस के अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से प्रात: 8.15 बजे शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी गुमानपुरा स्थित पार्टी कार्यलय में झण्डारोहण करेंगे।

क्रमांक न्याय : 2/2022/1101 दिनांक : 05.07.2022

**जनरल नोटिस**

जज अदालत जिला न्यायाधीश, कोटा
बइजलास श्री आर.पी. सोनी आर.एच.जे.एस.
जिला न्यायाधीश, कोटा (राज.)
मुत्त आवेदन क्रमांक 132/2022

1. दुर्गेश चौरसिया पुत्री स्व. श्री भैरुलाल चौरसिया, आयु 40 वर्ष 2. सीमा चौरसिया पुत्री स्व. श्री भैरुलाल चौरसिया, आयु 37 वर्ष, पत्नी राजेश चौरसीया निवासी-वार्ड नं. 08 ब्लॉक कॉलोनी चाचौडा, जिला गुना-473118 (म.प्र.) 3. हेमन्त चौरसिया पुत्र स्व. श्री भैरुलाल चौरसीया, आयु 28 वर्ष 4. अंतिमा चौरसिया पुत्री स्व. श्री भैरुलाल चौरसीया, आयु 22 वर्ष, निवासीगण-खटीक मौहल्ला ग्राम खातौली पोस्ट खातौली, तहसील पीपल्दा, जिला कोटा-325009 (राज.) ......प्रार्थीगण

बनाम

1. वरिष्ठ अधीक्षक, डाकघर कोटा मण्डल, नयापुरा, कोटा (राज.) 2. सर्वसाधारण ......अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम वास्ते उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु

हरगाह आम को सूचना दी जाती है न्यायालय हाजा में प्रार्थीगण ने उपरोक्त शीर्षक का आवेदन का प्रार्थना पत्र पेश कर कथन किया है कि प्रार्थीगण के पिता स्व. भैरुलाल जी की मृत्यु दिनांक 08.05.2018 को हो गई है। मृतक भैरुलाल जी के द्वारा अपने जीवनकाल में ग्रामीण डाक जीवन बीमा से पॉलिसी प्राप्त कर रखी थी। उक्त पॉलिसी की राशि प्राप्त करने हेतु प्रार्थीगण की ओर से प्रार्थीगण के पक्ष में मृतक का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया जावे।

अत: आम जनता को सूचना दी जाती है कि यदि किसी को उक्त उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किये जाने में आपत्ति अथवा ऐतराज हो तो वह दिनांक 16.08.2022 समय 10 AM न्यायालय हाजा में वकालतन व असालतन उपस्थित होकर अपनी आपत्ति पेश करें अन्यथा आवेदन स्वीकार कर उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी कर दिया जावेगा। अतएव यह सूचना पत्र न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 05.07.2022 को जारी किया गया।

मोहर

न्यायालय के आदेश से
वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सेशन न्यायालय कोटा (राज.)

# सिंधु स्मृति दिवस एवं अमृत महोत्सव पर तिरंगा रैली निकाली



कोटा में सिंधी समाज के द्वारा तिरंगा रैली निकाली गई।

कोटा, (निसं)। पूज्य सिन्धी पंचायत समिति, बजरंग नगर कोटा के द्वारा सिन्ध स्मृति दिवस एवं अमृत महोत्सव पर तिरंगा यात्रा रैली निकाली गई। पंचायत वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाश वीर नाथानी एवं महामंत्री सुरेंद्र झामनानी ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव एवं हर घर तिरंगा की थीम पर भव्य रैली तिरंगा यात्रा वसुंधरा विहार से शुरू होकर बजरंग नगर मेन रोड होते हुए कृष्णा नगर अटवाल गुरुद्वारे से रूट्स स्कूल नम्रता आवास पर पहुंचकर सभा में परिवर्तित हो गई।

रैली में भारत माता के चित्र को माला पहनाकर तिरंगा के साथ भारत माता की जय, वंदे मातरम, एवं जय हिंद एवं जय सिन्ध के नारों से गुंजायमान करते हुए बड़े धूमधाम से रैली का बजरंग नगर वासियों ने स्वागत किया। पंचायत मुखी मूलचंद तलरेजा एवं कोषाध्यक्ष भुवनेश बबलानी ने बताया। इस अवसर पर सिंधु स्मृति दिवस पर बंटवारे के दंश, एवं बंटवारे की पीड़ा पर स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने भाग लिया। सुसज्जित स्लोगन पर प्रथम द्वितीय तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पंचायत अध्यक्ष हासा नंद चावला एवं सचिव दिलीप फेरवानी ने बताया कि अखंड भारत के बंटवारे के समय सिंधी समाज यातनाएं, दर्द एवं पीड़ा को सहन करते हुए धर्म की रक्षा के खातिर भारत के कोने-कोने में आ बसे एवं वर्तमान में अपने पुरुषार्थ के बल पर भारत के विकास एवं अर्थव्यवस्था में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। रैली में सामाजिक एवं सांस्कतिक मंत्री राजेश दयानी, संगठन मंत्री रमेश कालानी, उपाध्यक्ष सुदामा रोहिरा, सांस्कृतिक मंत्री कीरत राजपाल, सह सचिव चेतन ठाकुर, निर्माण मंत्री घनश्याम निहलानी, हितेष पंजवानी, मुकेश, अरुण उपाध्याय, एवं कविता उपाध्यक्ष ने भी रैली में सम्मिलित होकर सहयोग किया।







